तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार, 13 जुलाई 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


13 बोलबम सेवा समिति के 250 कांवरियों का जत्था बाबा...


14 गुरू के नाम लगेंगे 11 लाख पीपल के पेड़










## खबर संक्षेप

### अटंग में कबीर सत्संग आज

**सिर्री।** ग्राम अटंग के साहू समाज भवन में 13 जुलाई रविवार को दोपहर 2 बजे से कबीर सत्संग का आयोजन होगा। संत मुक्तिशरण साहेब कोलियारी, अनिल साहेब संकरी आरंग, साध्वी सुमन मुरा प्रवचन देंगे। यह जानकारी वेदप्रकाश, धूषण साहू ने दी।

### पंचायत भृत्य संघ की बैठक आज

**डांडेसरा(धमतरी)।** छग ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ की प्रदेशस्तरीय बैठक 13 जुलाई रविवार को दोपहर 12 बजे नया बस स्टैंड अभनपुर जिला रायपुर में रखी गई है। ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू, जिला मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू एवं जिला सचिव पीताम्बर निर्मलकर ने बताया कि बैठक में संघ के विभिन्न विषयों पर चर्चा की जायेगी।

### जिला देवांगन समाज की कार्यकारिणी बैठक आज

**सिर्री।** जिला देवांगन समाज की कार्यकारिणी बैठक सह आमसभा 13 जुलाई रविवार को सुबह 11 बजे से अछोटा मंडल अंतर्गत ग्राम मथुराडीह के आदिवासी भवन में आयोजित की गई है। माता परमेश्वरी के पूजन एवं अतिथि स्वागत पश्चात सामाजिक विषयों पर चर्चा की जायेगी। जिलाध्यक्ष की अनुमति से समाज को मजबूती से आगे बढ़ाने समेत अन्य मुद्दों पर भी विशेष चर्चा होगी। जिलाध्यक्ष विनय देवांगन ने समाजजनों से उपस्थित होने की अपील की है।

### फरार वारंटी भाऊ को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**धमतरी।** लंबे समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटी भाऊ को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार सिटी कोतवाली में वारंटी भाऊ नेताम पिता छिल्लू उम्र 24 वर्ष के खिलाफ चार स्थायी वारंट लंबित था।



आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। फरार वारंटी की गोपनीय सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने दबिश देकर भाऊ नेताम देवारपारा ग्राम भटगांव थाना रूद्री निवासी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस द्वारा फरार एवं वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इससे जिले में कानून व्यवस्था बनी रहेगी।

### किसान सम्मान निधि एक माह लेट, आगामी सप्ताह मिलने की उम्मीद

# सम्मान के इंतजार में एक लाख किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

किसान सम्मान निधि की 20 वीं किस्त जारी करने में एक माह विलंब हो गया है। उधर एक लाख से ज्यादा किसान बेसब्री से किस्त मिलने का इंतजार कर रहे हैं। अभी खेती किसानी का दौर चल रहा है। ऐसे में किस्त मिलने पर किसानों को राहत मिलेगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 18 जुलाई को यह किस्त जारी हो सकती है।

जिले के 1 लाख 6 हजार 537 किसान सम्मान निधि पाने के लिए पात्र हैं। कुछ किसानों ने ई-केवाईसी नहीं कराई है। इन्हें छोड़ दिया जाए तब भी 1 लाख 6 हजार से ज्यादा किसान सम्मान निधि के लिए पात्र हैं। ये किसान बेसब्री के साथ प्रधानमंत्री द्वारा सम्मान निधि जारी करने का इंतजार कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत किसानों को सालाना 6 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है। यह राशि 2-2 हजार रुपए तीन किस्त में दी जाती है। हर चार माह में किस्त जारी होती है। इससे पहले फरवरी माह में 24 तारीख को 19 वीं किस्त जारी की गई थी। इस हिसाब से जून माह तक 20वीं किस्त मिल जानी थी, लेकिन कई कारणों से अब तक किसानों को यह किस्त जारी नहीं की जा सकी है। उम्मीद की जा रही है कि आगामी सप्ताह में किसानों को सम्मान निधि की किस्त जारी कर दी जाएगी। परंतु अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।




#### खुद कर सकते हैं ई-केवाईसी

किसान सम्मान निधि की सारी प्रक्रिया ऑनलाइन है। जिसमें किसान सम्मान निधि की पात्रता सूची में अपना, स्टेटस देख सकता है। यही नहीं नया रजिस्ट्रेशन, मोबाइल नम्बर परिवर्तन, राज्य व स्थान परिवर्तन सहित कई प्रकार की त्रुटि सुधार कर सकते हैं। ई-केवाईसी भी इसी वेबसाइट के माध्यम से की जा सकती है। इसके लिए किसान को पीएम किसान सम्मान निधि की आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा। इसके बाद वांछित आप्शन का चयन कर प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

#### ई-केवाईसी नहीं तो सम्मान निधि भी नहीं

किसान सम्मान निधि के तहत ई-केवाईसी कराने के लिए किसानों को लगातार प्रेरित किया जा रहा है। पिछली बार भी बड़ी संख्या में किसानों ने ई-केवाईसी नहीं कराई थी जिसके चलते उन्हें किसान सम्मान निधि नहीं मिली थी। पिछली बार 5 हजार से ज्यादा हितग्राहियों की ई-केवाईसी नहीं हुई थी। जब उनकी सम्मान निधि रोकी गई तो बड़ी संख्या में किसानों ने ई-केवाईसी कराई। जानकारी के अनुसार जिले में 1 लाख 6 हजार 537 किसान पंजीकृत हैं। इसमें से 1 लाख 1 हजार 109 किसानों को पिछली बार 22 करोड़ 75 लाख रुपए की सम्मान निधि दी गई थी। इस बार 1 लाख 6 हजार 52 किसानों की ई-केवाईसी हो चुकी है। इन किसानों को सम्मान निधि जारी की जाएगी। 485 किसान ऐसे हैं, जिन्होंने अब तक ई-केवाईसी नहीं कराई है। इन किसानों को सम्मान निधि की 20वीं किस्त से वंचित होना पड़ सकता है।

# पांच दिन तक बारिश की संभावना कम

- बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का सिस्टम बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आगामी पांच दिनों तक मध्य तथा दक्षिण छत्तीसगढ़ में वर्षा गतिविधि में कमी रहेगी। उत्तर छग में मध्यम वर्षा जारी रहने की संभावना है। इधर बारिश थमने के बाद जिले में किसानी कार्य ने गति पकड़ ली है। किसान एवं मजदूर अब खेतों में नजर आ रहे हैं।

शनिवार को आसमान पर बादल छाये रहे। सुबह को कुछ मिनट खंडवर्षा भी हुई, दोपहर को उमस का माहौल बना, फिर शाम को घटा छाई रही। बूंदाबांदी के समय बारिश थम सी गई। मौसम विभाग का कहना है कि छत्तीसगढ़ के मध्य तथा दक्षिण भाग में वर्षा की गतिविधियों में कमी बनी रहेगी। वहीं एक सप्ताह तक सरगुजा संभाग के जिलों में बारिश जारी रह सकती है। बताया गया है कि मानसून द्रोणिका सूरत, सीकर, ग्वालियर, सिद्धि, डाल्टनगंज, कोंटाई से दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। उत्तर पूर्व मध्यप्रदेश और आसपास के क्षेत्र में उपरी हवा में चक्रवाती परिसंचरण बना है। यह समुदतल से 5.8 किमी उपर तक फैला है। उत्तरी हरियाणा से दक्षिण उत्तर प्रदेश होते हुए उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक एक कम दबाव का क्षेत्र तथा उत्तर पूर्वी मध्यप्रदेश, झारखंड, गंगीय पश्चिम बंगाल के ऊपर 0.9 किमी में चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इसके प्रभाव से प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। एक दो स्थानों पर मेघ गर्जन की चेतावनी दी गई है।

# पुलिस ने बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था जांची






हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- सुरक्षा को लेकर दिए गए आवश्यक निर्देश

बैंकों की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने सभी शाखाओं में सुरक्षा व्यवस्था की गहन जांच करते हुए सी सी टी वी, अलार्म सिस्टम व गार्ड की तैनाती को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिले में बैंकिंग प्रणाली की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा आमजनों की जमा पूंजी की रक्षा के उद्देश्य से एसपी सूरजसिंह परिहार के निर्देश पर जिले के सभी थानों द्वारा सभी राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंकों का भौतिक निरीक्षण किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बैंक परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरे की स्थिति एवं उसके कवरेज एरिया की जांच की। रिकार्डिंग को न्यूनतम 30 दिनों तक संग्रहित रखने कहा। इसी तरह अलार्म एवं इमरजेंसी सिस्टम की कार्यशीलता देखी जिसमें डकैती व संदिग्ध परिस्थितियों में अलार्म प्रणाली सक्रिय होकर त्वरित प्रतिक्रिया देने की जांच की। प्रत्येक बैंक में डयूटी के दौरान गार्ड की योग्यता, सतर्कता तथा शस्त्र की स्थिति की समीक्षा की। कैश वैन मूव्मेंट एवं कैश लॉकर की सुरक्षा व्यवस्था की जांच में ट्रांजेक्शन के समय बैंक द्वारा उठाये जाने वाली सावधानी और लॉकर रूम की निगरानी पर भी चर्चा की। इसी तरह ग्राहकों की पहचान, सत्यापन व्यवस्था की जांच करते हुए हर बैंक में संदेहास्पद गतिविधियों पर नजर बनाए रखने निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त पुलिस अधिकारियों ने बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को साइबर फ्राड, एटीएम क्लोनिंग, फर्जी केवाईसी और सोशल इंजीनियरिंग के नए तरीकों से अवगत कराया। उन्हें सजग रहकर कार्य करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना थाना को तत्काल देने का निर्देश दिया।

#### बैंक की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता : एसपी

इस दौरान एसपी सूरजसिंह परिहार ने कहा है कि बैंक आमजनों की आस्था व जीवनभर की पूंजी का केंद्र होते हैं। उनकी सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी बैंक प्रबंधन को अपनी सुरक्षा व्यवस्था को तकनीकी रूप से और मजबूत करने की आवश्यकता है। हम सभी मिलकर ही सुरक्षित बैंकिंग माहौल सुनिश्चित कर सकते हैं।

### यशोदा ओबीसी महासभा की जिलाध्यक्ष मनोनीत

**धमतरी।** ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम ने यशोदा सोनकर के सामाजिक सरोकार एवं गतिविधियों को देखते हुए धमतरी जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है।



यशोदा सोनकर को जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर ओबीसी महासभा के प्रदेश महासचिव यज्ञदेव पटेल, बालोद जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा भगवती सोनकर, ब्लॉक अध्यक्ष पवन साहू, तिलक सोनकर, भगवती सोनकर, अनीता सोनकर, मंजु सोनकर, रुक्मणि सोनकर, डॉ सरिता सोनकर, कविता रणसिंह, पूनम सहित ओबीसी समुदाय के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने आश्वस्त किया है कि धमतरी जिले में संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण के लिए शीघ्र ही सभी समाज में सामंजस्य के साथ संगठन का विस्तार कर ओबीसी महासभा के विजन और मिशन पर कार्य को तीव्रता प्रदान करेंगे।

### वन विभाग ने ली राहत की सांस ग्रामीणों में छाई दहशत हुई दूर

# मैदानी क्षेत्र से जंगल में लौटा मखना हाथी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मैदानी इलाकों में दहशत मचाने के बाद मखना हाथी जंगल लौट आया है। डांडेसरा का हाइवे क्रास कर तथा देवपुर से महानदी पारकर हाथी केरेगांव जंगल में विचरण कर रहा है। हाथी के जंगल वापस लौटने पर वन विभाग ने राहत की सांस ली, वहीं मैदानी इलाकों के ग्रामीणों में छाई दहशत दूर हो गई है। बहरहाल निगरानी दल हाथी की निगरानी में जुटा है।

शुक्रवार को किसान जब नींद से जागे और खेतों में गए तो वहां का नजारा देखकर हतप्रभ हो गए। कलारतराई, बंजारी, भेंडरा, रींवागहन के खार में हाथी के पदचिन्ह दिखाई दिए। वन विभाग को सूचना मिलते ही वन विभाग, राजस्व तथा पुलिस विभाग में हलचल मच गई। हाथी के मौजूदगी वाले भेंडरा, रींवागहन मार्ग को ब्लाक किया गया, लोगों की भीड़ हाथी को देखने उमड़ पड़ी।



वाट्सएप में हाथी का वीडियो, रील खूब वायरल होने लगा। शुक्रवार की शाम को मखना हाथी भखारा रोड पारकर डाही, डोमा, खम्हरिया, छाती होते हुए डांडेसरा के पास नेशनल हाइवे को पार किया। यहां से ढीमरटिकुर, नवागांव, देवपुर के रास्ते महानदी पार कर केरेगांव रेंज के छुही परिसर के जोगीडीह गांव में पहुंच गया। मखना हाथी ने 24 घंटे में 50 किमी का सफर तय किया।

डिप्टीरेंजर राकेश तिवारी ने बताया कि मैदानी इलाकों में हाथी की मौजूदगी से वन विभाग सकते में आ गया था। मैदानी क्षेत्र में हाथी के भोजन पानी की समस्या होती है। गांव की बस्ती में घुसने पर जान माल की हानि होने की संभावना थी। उन्होंने कहा कि हाथी के आगे पीछे निगरानी दल मौजूद रहकर हाथी को जंगल की ओर लाने का प्रयास किया। हाथी की जंगल वापसी से वन विभाग को राहत मिली है।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी 17 को करेंगे विधानसभा का घेराव

# एनएचएम कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अपनी लंबित मांगों को लेकर एनएचएम कर्मचारियों का चरणबद्ध आंदोलन शुरु हो गया है। जिला अस्पताल में कार्यरत एनएचएम के कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ छग बैनरतले कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर शनिवार को प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने अपनी कलाई में काली पट्टी बांधकर सरकार के प्रति असंतोष जताते हुए अपनी मांगों पर तत्काल ध्यान देने अपील की। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी इकाई संघ जिला अस्पताल द्वारा आगामी 16 एवं 17 जुलाई को होने वाले आंदोलन के तहत विधानसभा घेराव के लिए सूचना पत्र अस्पताल के सिविल सर्जन को सौंपा गया। जिला अस्पताल में 95 से अधिक एनएचएम के कर्मचारी कार्यरत हैं। ज्ञापन सौंपने के पश्चात कर्मचारियों ने अस्पताल के सामने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। सरकार से जल्द से जल्द उनकी समस्याओं का समाधन करने आग्रह किया गया। यह विरोध प्रदर्शन राज्यभर के सभी जिलो के एनएचएम के कर्मचारियों द्वारा किया गया है। विकास सुल्तान अध्यक्ष एनएचएम इकाई जिला अस्पताल व संतोष कौशिक कार्यकारी अध्यक्ष ने बताया कि एनएचएम कर्मचारी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य कार्यक्रमों को जमीनी स्तर पर लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। फिर भी उनकी सेवाओं को नियमित नहीं किया जा रहा है। उन्हें कई सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। लंबे समय से मांगों को लेकर सरकार से बातचीत की जा रही है, लेकिन अब तक कोई परिणाम सामने नहीं आया है। उनकी मांगों में एनएचएम में कार्यरत संविदा कर्मचारियों का नियमितिकरण, वेतन विसंगति को दूर किया जाए, सेवा सुरक्षा व स्थायित्व, अन्य भत्ता व सुविधाएं प्रदान की जाए।



शनिवार को किए गए विरोध प्रदर्शन में जिला अस्पताल में कार्यरत एनएचएम कर्मचारी डा. कंचन दुबे, डा.शुकन्तला साहू, डा. मेघराज साहू, गायत्री चंद्राकर, दीपा गजेंद्र, खेमराज साहू, नितेश कोडोपी, नोमनारायण, गोपीकृष्ण शामिल रहे।

### 621 पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैम्प 14 को

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 14 जुलाई को प्लेसमेंट कैम्प सुबह 11 से शाम 4 बजे तक कम्पोजिट भवन स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में होगा। कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजक एलआईसी धमतरी, प्रथम एजुकेशन कुरूद, नीलेश ज्वेलर्स धमतरी द्वारा प्रबंधक, सेल्स एजेंट, ब्रांच मैनेजर, वेल्डर, प्लंबर, हाउस कीपिंग, एकाउंटेंट, सोलर पीवी ईन्स्टालर सहित कुल 621 पदों पर भर्ती के लिए इंटरव्यू होगा।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### बाल कैबिनेट एवं इको क्लब का किया गठन

**दुर्गूकोंदल।** शासकीय उमावि आमाकडा में बाल कैबिनेट एवं ईको क्लब का गठन किया गया। बाल कैबिनेट में प्रधानमंत्री डोमेश्वरी कवाची, उप प्रधानमंत्री मनीषा हिडको साथ ही अन्य मंत्रियो का गठन किया गया। इसके उपरांत इको क्लब का गठन किया गया। प्रभारी प्राचार्य शैल पांडे द्वारा सभी मंत्रियों को शपथ दिलाकर बच्चों को पद के महत्व को बताया।संस्था के समस्त शिक्षक गण छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### तालाब में डूबने से हुई नाबालिग की मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पेनकोड़ो निवासी 17 वर्षीय राम कुमार कोला तालाब में डूब गया, जिसे तालाब से निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई। सिविल अस्पताल पखांजुर के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक तालाब में डूब गया, जिससे उसकी 11 जुलाई को मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार भखारा जिला धमतरी (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि यह कि आवेदक ओंकारराम सेन पिता गोकुलराम उम्र 63 वर्ष जाति नाई निवासी ग्राम सेमरा (सि) तहसील भखारा जिला धमतरी का निवासी है। आवेदक की पिता स्वयं जिसका जन्म दिनांक 18/09/1962 को हुई है तथा आवेदक अज्ञानतावश जन्म की सूचना कोतवाली पंजी में दर्ज नहीं करवा पाया था जिस संबंध में जन्म प्रमाण हेतु न्यायालय श्रीमान तहसीलदार भखारा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था या समूह या ग्रामवासी को आपत्ति हो तो दिनांक 18/07/2025 तक न्यायालय श्रीमान तहसीलदार भखारा के समक्ष अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। तथा म्याद की समाप्ति पश्चात दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/07/2025 को न्यायालीन पद मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**भखारा**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा संजय कुमार सिन्हा पिता श्री मुक्ति राम सिन्हा निवासी आमातालाब रोड पोस्ट ऑफिस वार्ड तह. व जिला धमतरी (छ.ग.) के आधिपत्य व स्वामित्व की कृषि भूमि ग्राम अरौद प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. कोलियारी तह. व जिला धमतरी छ.ग. में स्थित भूमि का खसरा नं. क्रमशः 1163, 1172, 1236/1, 1064/1, 1069 रकबा 1.63 हे. को विक्रय करने का पक्का सौदा कर लिया गया है तथा विक्रेता द्वारा क्रेता से बयाना राशि प्रदान कर लिया गया है शेष राशि प्राप्त कर पंजीयन किया जाना है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था/निकाय/निगम बैंक/विभाग आदि को उक्त सौदे को लेकर किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूमि पर किसी प्रकार का हक दावा रखता हो तो प्रकाशन दिनांक से 7 दिन के अंदर मेरे निम्न वर्णित पते पर समय पर उपस्थित होकर अपना अपना दावा आपत्ति मय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करे समयावधि पश्चात मेरे पक्षकार उक्त भूमि को हर प्रकार के विवादों एवं कर्जभारों से मुक्त मानकर क्रेता के पक्ष में पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण करा दी जावेगी। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति शून्य व अवैध माना जावेगा।

अतः यह आम सूचना सद्भावनापूर्वक प्रकाशित कराई गई है।

स्थान :-धमतरी
दिनांक :-10.07.2025

**कु. दामिनी कुर्रे अधिवक्ता**
**तहसील कार्यालय धमतरी**
**मो.नं 62646-18054**

**न्यायालय तहसीलदार, मगरलोड के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202505131000020/**
विषयः- अ-6 सन -2024-2025
**मामले की श्रेणी :- राजस्व**
मोंहदी प.ह.न. 00018 [620/2(0.0900 हे.) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - नीरज कुमार सिन्हा,
अनावेदक पक्षकार - छोटीबाई सिन्हा,

**ईश्तहार**

आवेदक नीरज कुमार सिन्हा पिता अरूण कुमार सिन्हा कोपरा तहसील राजिम जिला गरियाबंद द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि मेरी सगी नानी श्रीमति छोटी बाई सिन्हा पति नकछेडा राम सिन्हा जाति-कलार कास्त साकिन मोंहदी वार्ड नंबर 06 मंदिर चौक मोंहदी तहसील मगरलोड ने अपने रजिस्टर्ड वसीयत पंजीयन दिनांक 15.03.2024 को ग्राम मोंहदी स्थित भूमि खसरा नंबर 620/2 रकबा 0.09 हे. भूमि को आवेदक के नाम पर किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएवं उक्त संबंध मे जिस किसी व्यक्ति / सहखातेदार को कोई आपत्ति हो तो वह अपना लिखित अथवा मौखिक आपत्ति दिनांक 21.07.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्रस्तुत दावा-आपत्ति पर किसी प्रकार से कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/06/2025 को जारी किया जाता है।

Manoj Kumar Bharadwaj
मुहर **तहसीलदार**
**तहसील मगरलोड**

जनजागरूकता व सुविधाओं के बाद भी ग्रामीण अंचल में नहीं आया बदलाव

# ये कैसी पौनी-पसारी : जान जोखिम में डाल सड़क किनारे बैठ नाई बनाता है अपने ठाकुरों की हजामत

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



परंपरागत व्यवसाय को नया जीवन देने सरकार की तमाम जनजागरूकता व सुविधाओं के बाद भी ग्रामीण अंचल में यह बदलाव होता नहीं दिखाई पड़ रहा है। इसी परंपरागत व्यवसाय से जुड़े एक नाई ऐसा भी है जो अपने ठाकुरों की हजामत कहीं भी बैठकर बना देता है। एक ऐसा ही दृश्य कुरुद विकासखंड के अंतिम छोर के गांव में देखने को मिला।

हम बात कर रहे हैं ग्राम जोरातराई(सी) में सड़क किनारे बैठकर हजामत बना रहे नाई नन्दकुमार कौशिक अपना तो न सही अपने ठाकुरों की सुरक्षा की परवाह किये बगैर सड़क पर अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर किनारे ही चटाई बिछा अपने एक ठाकुर की हजामत बना रहा था। बात सुबह करीब 8 बजे की थी। उस समय स्कूल बसों की आवाजाही खूब हो रही थी। जब हमने उनके बैठने की जगह को लेकर सवाल किया तो मजाकिया अंदाज में कहा कि 36 साल से यहां पौनी पसारी कर रहा हूं। कुछ नहीं हुआ तो अब क्या होगा। वैसे तो नाई लोग अधिकतर वाचाल प्रवृत्ति के होते हैं, मजाकिया भी होते हैं पर कौशिक जी आपका यह मजाकिया अंदाज किसी अनहोनी की दस्तक न हो इसका भी ख्याल रखे।

### हम समझाइश दे रहे थे, वे अखबार में फोटो आयेगी सुन खुश थे

ग्रामीणों से पूछने पर बताया गया कि हमारे गांव में चार जगह रंगमंच है। इसके अलावा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों वाले काम्प्लेक्स में भी जगह खाली है। अब मालगुजार प्रथा भी नहीं है कि उनके घर जाकर हजामत बनवाना अनिवार्य है बावजूद वह कहीं भी किसी भी जगह बैठ हजामत बना देता है। हमारी बातों को ग्रामीणों ने गम्भीरता से लिया और कहा कि कल से अब नाई सड़क किनारे बैठकर हमारी हजामत बनाएंगे तो इसे बदल देंगे। सड़कों पर वाहनों की आवाजाही लगी रहती है , कब क्या हो जाये कोई नहीं जान सकता। एक ओर हम ग्रामीणों के साथ मिलकर नाई कौशिक जी को समझाइश दे रहे थे लेकिन वे बात को मजाक समझ इतने खुश थे कि पत्रकार फ़ोटो खींच रहा है तो कल मेरी फ़ोटो अखबार में आएगी।

### व्यवस्थित जगह पर सुरक्षित तरीके से करें पौनी पसारी : धनसिंग सेन

इस संदर्भ में नाई समाज के जिलाध्यक्ष धनसिंग सेन का कहना है कि पौनी से जुड़े अगर हमारे समाज का कोई भी भाई या सदस्य अपने व अपने ठाकुरों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करता है, तो वह गलत है। अब प्रत्येक गांव में बैठने के लिए रंगमंच या अन्य सामुदायिक भवन उपलब्ध है। ग्रामीणों से अपनी समस्या प्रकट कर अपने लिए जगह चयनित करवा लें। इस तरह सड़क किनारे या कहीं भी बैठकर हजामत बनाना गलत है। भविष्य में ऐसी कोई गलती किसी भी भाई द्वारा नहीं की जाएगी, ऐसी अपेक्षा रखता हूं।

## सशिमं उमावि के छात्रों ने गुरु पूर्णिमा पर भजन गाया





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सरस्वती शिशु मंदिर उमावि आमातालाब धमतरी में गुरू पूर्णिमा उत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। सर्वप्रथम सभा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शिक्षिका किरण होल्कर थीं। अध्यक्षता प्राचार्या खेमिन साहू ने की। विशिष्ट अतिथि लाकेश पटेल ने दीप प्रज्ज्वलन कर महर्षि वेदव्यास, भारत माता, ऊं और सरस्वती के छायाचित्र की पूजा- अर्चना की। सामूहिक प्रार्थना हुई। छात्रों ने अतिथियों एवं शिक्षकों का सम्मान किया। विद्यालय के 25 छात्र-छात्राओं द्वारा गुरु महिमा पर आधारित आध्यात्मिक भजन भाषण प्रस्तुत किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में जीवन में गुरु की उपयोगिता एवं महत्व को विभिन्न कथा, प्रसंगों के माध्यम से बताया। यह जानकारी प्रचार-प्रसार प्रमुख केवलसिंह साहू ने दी।

## कॉम्पिटिटिव परीक्षा की तैयारी के लिए शिक्षक एआईएम तैयार करें

- शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग सभापति विभा चंद्राकर ने किया हटकेशर आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हटकेशर का शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग की सभापति विभा चंद्राकर ने औचक निरीक्षण कर कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की शैक्षणिक गतिविधियों का मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रत्येक कक्षा में जाकर विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया। उनके पाठ्यक्रम की जानकारी ली और पढ़ाई की गुणवत्ता का आकलन किया।

उन्होंने शिक्षकों से वार्ता करते हुए कॉम्पिटिटिव परीक्षा की तैयारी के लिए एक विशेष एक्शन प्लान (एआईएम) तैयार करने के सुझाव दिए ताकि विद्यार्थी बोर्ड परीक्षाओं के साथ-साथ नीट, जेईई, सीजीपीएससी, यूपीएससी जैसी प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं के लिए भी तैयार हो सकें। श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि आज के विद्यार्थी सिर्फ पास होने के लिए नहीं, बल्कि आगे बढ़कर प्रतियोगिता में सफल होने के लिए पढ़ें। विद्यालयों को ऐसा वातावरण देना होगा जहां लक्ष्य स्पष्ट हो और तैयारी ठोस हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मिड-डे मील, स्वच्छता, छात्राओं की उपस्थिति, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास व लैब की भी समीक्षा की और व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें आत्म-सुरक्षा, करियर मार्गदर्शन एवं डिजिटल लर्निंग से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

## धौराभाठा स्कूल में प्रबंधन समिति का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय प्राथमिक शाला धौराभाठा में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से चुनेश्वर साहू को अध्यक्ष एवं धनेश्वरी साहू को उपाध्यक्ष चुना गया। पंचायत प्रतिनिधि त्रिलोचन साहू सरपंच, शिक्षाविद ग्वालसिंग साहू, संयोजक लीलाराम साहू प्रधानपाठक, कोषाध्यक्ष राकेश चंद्राकर वरिष्ठ शिक्षक तथा पदाधिकारी सदस्य के रूप में शुभम यादव, बसंत ध्रुव, रोहित सिन्हा, लुकेश ध्रुव, भूपेंद्र पटेल, मनोज साहू, हुमेश्वरी यादव, भुनेश्वरी साहू, भारती साहू, राजेश्वरी साहू, सुनीता पटेल, ईश्वरी ध्रुव, चमेली साहू, यामिनी साहू, कोमेश्वरी ध्रुव, कंचन ध्रुव, वर्षा ठाकुर का चयन किया गया।

इस अवसर पर धनंजय साहू पूर्व अध्यक्ष, राजेश ध्रुव, मंजु यादव, योगेश्वरी विश्वकर्मा, तामेश्वरी साहू, देवन्तीन सिन्हा, नंदनी सिन्हा, भगत सिन्हा, शिक्षक स्टाफ रोशनलाल ध्रुव, तामेश्वर निषाद, हेमलता रात्रे उपस्थित थे।

आमदी स्कूल में मनाया गुरु पूर्णिमा का पर्व

## गुरु हमें अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाता है : लक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)



शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला एवं पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला आमदी में गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। मुख्य अतिथि गजेंद्र कुंभकार शाला विकास समिति अध्यक्ष और विशिष्ट अतिथि श्रीमती कामिनी ध्रुव उपस्थिति थी।

बच्चों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु हमें भले ही डांटते हैं, फटकारते हैं। वह सिर्फ हमारे भलाई के लिए होती है। वे हमें सच्चा मार्ग दिखाते हैं। हमारे सच्चे मार्गदर्शक होते हैं। उनके बताए मार्ग पर यदि हम चलें तो हम एक अच्छा इंसान अच्छा नागरिक बन सकते हैं। प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक लक्ष्मी कुमार साहू ने कहा कि गुरु आपको अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाता है इसलिए सदा उसका सम्मान करना चाहिए। प्रभारी प्रधानपाठक बिंदु ध्रुव ने कहा कि भगवान राम को भी शिक्षा ग्रहण के लिए गुरु का सहारा लेना पड़ा। विशिष्ट अतिथि कामिनी ध्रुव ने बच्चों को गुरु की आज्ञा का पालन करने के लिए नसीहत दी। रतन पटेल ने कहा कि हमें हर कार्य गुरु को समर्पित होकर करना चाहिए। वरिष्ठ शिक्षक सविता छाटा ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन सोमदत्त साहू और आभार प्रदर्शन शिक्षक उमेंद ठाकुर ने किया। मौके पर योग शिक्षक डोमेन्द्र, कंप्यूटर शिक्षक रोशन यादव उपस्थित रहे।

स्वसहायता समूह की महिलाओं से की चर्चा, दोना-पत्तल बनाने की विधि को जाना

# संयुक्त सचिव स्वाति शर्मा पहुंची दुगली वनधन विकास केंद्र, संचालित गतिविधियों की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



भारत सरकार ग्रामीण विकास विभाग की संयुक्त सचिव श्रीमती स्वाति शर्मा ने अपने धमतरी-नगरी प्रवास के दौरान दुगली स्थित लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं प्रशिक्षण केन्द्र का अवलोकन किया। उन्होंने केन्द्र में सचांलित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी से ली। बताया कि प्रसंस्करण केन्द्र में सीजी हर्बल के लिए उत्पाद तैयार करने और उन्हें पैक करने का काम किया जाता है। यह भी बताया कि प्रदेश में एकमात्र वनधन विकास केन्द्र दुगली है, जिसमें एलोवेरा का प्रीमियम प्रोडक्ट तैयार किया जाता है। इसके अतिरिक्त यहां अच्छी गुणवत्ता का तीखूर और प्राकृतिक शहद का प्रसंस्करण भी किया जाता है। भारत सरकार, आदिवासी विकास विभाग द्वारा वर्ष 2021 में वनधन विकास केन्द्र दुगली को प्रदेश में अधिक वनोपज संग्रहण के लिए अवार्ड भी दिया गया है। केन्द्र में दो महिला समूह जागृति स्व सहायता समूह और बम्लेश्वरी स्व सहायता समूह कार्यरत हैं।

संयुक्त सचिव श्रीमती शर्मा ने केन्द्र में दोना-पत्तल निर्माण इकाई का भी अवलोकन किया। साथ ही समूह की महिलाओं से चर्चा करते हुए केन्द्र में कार्यरत महिलाओं की संख्या, उनके द्वारा तैयार दोना-पत्तल विक्रय और इससे मिलने वाली आय के बारे में जानकारी ली। महिलाओं की प्रतिनिधि ने बताया कि वे स्व सहायता समूह की महिलाएं हैं और आसपास के गांवों से काम करने आती हैं। श्रीमती शर्मा ने तैयार उत्पादों को बड़े बाजारों में बेचने के अलावा ब्रांडिंग, पैकेजिंग आदि सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने बताया कि वनधन विकास केन्द्र दुगली में कुल 22 प्रकार की सामग्रियां तैयार की जाती हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### दोना-पत्तल निर्माण से हो रही अतिरिक्त आय



**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत मुरा के बिहान समूह अंतर्गत ज्योति महिला समूह द्वारा दोना और पत्तल बनाने का काम किया जा रहा है। इससे उन्हें अतिरिक्त आय हो रही है। शुभारंभ अवसर पर सरपंच, पंच और ज्योति समूह की सदस्य मौजूद थीं।

### अमलीडीह में गुरु पूर्णिमा पर लगाए पौधे



**कोर्रा(भखारा)।** जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति अमलीडीह द्वारा गुरु पूर्णिमा पर पर्यावरण संरक्षण व जनकल्याण के लिए पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच नेमिन माधव, सचिव रामस्वरूप, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष जगदीशराम साहू, उपाध्यक्ष कमलेश साहू, साहू समाज अध्यक्ष छन्नूलाल साहू, उपसरपंच टाटेश्वर सिंह, जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति अमलीडीह के अध्यक्ष राजकुमार यादव, उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण सचिव, यांजु साहू, सहसचिव दिनेश बनपेला, कोषाध्य देवनाथ साहू, रोमसिंह साहू, रामेश्वर साहू, अरुण निर्मलकर, संतोष निर्मलकर, रूपराम निर्मलकर, चुन्नीलाल निर्मलकर, डोमार साहू, श्रवण यादव, डागेश्वर यादव, खुलेश्वर साहू समेत मुख्य पुजारी सतवान साहू, सुनीति साहू मौजूद थे।

### न्योता भोज में छात्रों को परोसी खीर-पूड़ी



**नगरी।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं विद्युत विभाग के सेवानिवृत्त सरजूराम सिन्हा ने अमेरिका में अध्ययनरत पौत्र जॉय सिन्हा के जन्मदिन पर शुक्रवार को शासकीय प्राथमिक शाला दलदली (अ) में न्योता भोज का आयोजन किया। शालेय छात्रों को खीर-पूड़ी के साथ कई प्रकार के पौष्टिक पकवान परोसे गए। प्रधानपाठक सूर्यनारायण राव ने जॉय सिन्हा की उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की। शिक्षक राजकुमार शील ने बताया कि न्योता भोज से पोषक मूल्य में वृद्धि के साथ बच्चों में समुदाय के प्रति अपनत्व की भावना बढ़ती है एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता भी आती है। शादी, वैवाहिक वर्षगांठ, जन्मोत्सव, तीज-त्योहार के अवसर पर समुदाय द्वारा पूर्ण भोजन प्रदान कर बच्चों को न्योता भोज कराया जा सकता है। इस आयोजन में रसोइया सुखवती एवं रामिन बाई का सहयोग रहा।

### करेली बड़ी में एक पेड़ गुरु के नाम पर रोपे पौधे



**मगरलोड।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर समाधान इंग्लिश मीडियम स्कूल एकेडमी करेली बड़ी के प्रधानपाठक सीएम साहू, शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने एक पेड़ गुरु के नाम कार्यक्रम के तहत पीपल के पौधे लगाए। प्रधानपाठक ने कहा कि पेड़ पौधे सभी जीवों के लिए मूल्यवान है। हम पेड़ पौधों का मोल नहीं चुका सकते। एक पेड़ लगाकर प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर सकते हैं। इस अवसर पर जनपद सदस्य देवेंद्र पाल, उपसरपंच तोरण आनेश्वरी, पंच संतोष मांडे, नरेश भारती, मोहरेंगा सरपंच भूपेंद्र ध्रुव, पंचगण, प्रीतम सेन व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### हाईस्कूल चटौद में छात्र संघ का गठन




**जीजामगांव।** शासकीय हाईस्कूल चटौद में छात्र संघ का गठन किया गया। सभी पदाधिकारियों को क्रीड़ा व स्काउट प्रभारी एसके कंवर ने अपना काम स्कूल गतिविधियों में कर्तव्यनिष्ठ, लग्न व ईमानदारी से करने की शपथ दिलाई। शालानायक समीर साहू 10वीं, उमेश साहू, चंचल साहू, मानसी साहू, केकती, रुपाली, डोमेश्वरी, तृप्ति, प्रेरणा, देविका, प्रशांत व छात्रा प्रतिनिधि झरोखा साहू बनाए गए। प्राचार्य एचआर मरकाम, केपी साहू, आभा खरे, दयानन्द वर्मा, प्रतीक तिवारी, धनेश्वरी साहू, सुकृति चन्द्राकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका शर्मा ने किया।

### चटौद स्कूल में मना गुरु पूर्णिमा का पर्व





**जीजामगांव।** शासकीय हाईस्कूल चटौद में गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई। शिक्षकों ने गुरु की महिमा की बखान किया। माता-पिता और गुरु के माध्यम से ज्ञान मिलता है। प्राचार्य एचआर मरकाम ने कहा कि सभी बच्चे माता-पिता, गुरु का सम्मान करें। छात्रों ने गुरुओं का चंदन लगाकर श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर व्याख्याता एसके कंवर, केपी साहू, प्रियंका शर्मा, आभा खरे, लिपिक दयानन्द वर्मा, प्रतीक तिवारी, भृत्य धनेश्वरी साहू, सुकृति चन्द्राकर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रेरणा साहू एवं गुंजा नेताम ने किया।

## खबर संक्षेप

### सर्व समाज ने नवपदस्थ अपर कलेक्टर से की मुलाकात

**अंतागढ़।** विकासखण्ड अंतागढ़ और कोयलीबेड़ा के अनुसूचित जनजाति व पिछड़ा वर्ग के पदाधिकारियों ने अंतागढ़ में नवपदस्थ अपर कलेक्टर अंजोर सिंह पैकरा से सौजन्य भेंट कर स्वागत किया। बता दे की विगत महीने अंतागढ़ से अपर कलेक्टर का तबादला होने के बाद लम्बे समय से पद रिक्त था, जिसे भरने के लिए सामाजिक पदाधिकारी व क्षेत्रवासी मांग कर रहे थे। नए अपर कलेक्टर के पदस्थ होने से क्षेत्रवासियों में ख़ुशी है वहीं सामाजिक पदाधिकारियों ने अपर कलेक्टर से क्षेत्र में आदिवासी एवं सर्व समाज के उत्थान एवं विकास कार्यक्रम पर जोर देने का अनुरोध किया, जिसे अपर कलेक्टर ने सहर्ष स्वीकार कर इस ओर कार्य करने का आश्वासन दिया है। सौजन्य मुलाकात पर संतराम सलाम, राकेश गुप्ता, सहदेव उसेंडी, संतलाल दुग्गा व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्कूली छात्रों को महिला टीम ने दी जानकारी

**पखांजुर।** बारदा और पीव्ही 57, 58 के स्कूलों में महिला पुलिस टीम ने छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारी दिया। छात्रों को गुड टच और बैड टच, महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध, नवीन कानून और यातायात के बारे में बताया। छात्रों को जागरूक करते हुए कहा कि आपके एवं परिचित के साथ कोई दुर्व्यवहार करता है, तो डरें नहीं और हिम्मत से काम लें। इसकी जानकारी तत्काल अपने परिजनों और पुलिस को दे। इस अवसर पर प्राचार्य और शिक्षकों को भी जागरूक किया गया।

### ग्रामीण की हुई मौत कारण अज्ञात

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत बनसागर निवासी 51 वर्षीय राम देव कोर्राम का 12 जून को अज्ञात कारणों के चलते जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गया। अस्पताल के वार्डबॉय द्वारा अस्पताली मेमो पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

कुरूद में नपं अध्यक्ष ज्योति व रायपुर में विधायक चंद्राकर ने अंगवस्त्र भेंटकर किया विदा

# बोलबम सेवा समिति के 250 कांवरियों का जत्था बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना






हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

बोल बम सेवा समिति कुरुद इस बार रजत जयंती वर्ष मना रही है। विगत 25 वर्षों की परम्परानुसार इस बार भी समिति के 250 कांवरियों का जत्था शनिवार को सुबह चंडी मन्दिर से आशीर्वाद लेकर बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना हुआ जिनका कुरुद में नपं अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर एवं रायपुर में विधायक अजय चंद्राकर ने अंगवस्त्र भेंटकर रवाना किया। कांवरिये 18 घंटे की ट्रेन का सफर करने के बाद 105 किमी की पैदल कांवर यात्रा कर बाबा बैद्यनाथ और बाबा वासुकीनाथ में जल चढ़ाएंगे।

बोल बम सेवा समिति के अध्यक्ष भानु चन्द्राकर ने बताया कि उनकी समिति निरंतर 25 वर्षों से सावन महोत्सव के लिए बाबा बैद्यनाथ धाम यात्रा कर रहा है। इस बार भी समिति के द्वारा रजत जयंती वर्ष मनाने 100 सदस्य सर्व सुविधा युक्त दो बस से एवं लगभग 150 सदस्य ट्रेन से 12 जुलाई और 13 जुलाई को रवाना हो रहे हैं। चंडी मंदिर कुरूद के पास सभी कांवरियों का नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने स्वागत अभिनंदन कर रवाना किया। इसी प्रकार विधायक अजय चंद्राकर ने रायपुर में सभी कांवरियो को भगवा अंगवस्त्र पहनाकर विदा किया। बाबा बैद्यनाथ धाम यात्रा से वापसी पश्चात सावन महोत्सव को धूमधाम से मनाने संस्था द्वारा रजत जयंती वर्ष में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे जिसमे संस्था से जुड़े उत्कृष्ट कार्य करने वाले सैकड़ों सदस्यों और पदाधिकारियों का सम्मान किया जायेगा।

#### सुल्तानगंज से गंगा नदी का जल लेकर करते हैं प्रस्थान

भानु ने बताया कि देवघर में सब लोग होटल में सामान रखकर सुल्तानगंज-गंगा नदी ( बिहार ) में परंपरा अनुसार सावन के पहले सोमवार क स्नान कर वहां से गंगा जल लेकर कांवरिये बाबा बैद्यनाथ धाम 105 किमी की यात्रा प्रारंभ करते हैं। तीन दिनों की काँवर यात्रा के पश्चात सभी लोग अलग-अलग टोलियों में बंटकर बाबा मंदिर में कांवर के एक लोटे का जल चढ़ाकर मनोकामना ज्योतिर्लिंग बाबा बैद्यनाथ और मैया पार्वती से क्षेत्र और प्रदेश की ख़ुशहाली के लिए प्रार्थना करते हैं।

#### एक लोटे का जल बैद्यनाथ और दूसरे का बासुकीनाथ में चढ़ेगा

बाबाधाम दर्शन के पश्चात कांवरिये दूसरे लोटे का जल देवघर से 40 कि.मी.दूर बाबा वासुकीनाथ में चढ़ाते हैं। बाबा बासुकीनाथ के बारे में मान्यता है कि जो कांवरिये बाबा बैद्यनाथ मे जल चढ़ाएंगे उसके दूसरे लोटे का जल बासुकीनाथ में चढ़ना अनिवार्य है तभी जाकर यात्रा पूर्ण होती है और शिव-भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है।

# पशुओं की तस्करी कर रहे तीन आरोपी गिरफ्तार



- आरोपियों के कब्जे से 8 नग गौवंश एवं छोटा हाथी वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



अवैध रूप से पशुओं का परिवहन करने वाले तीन आरोपियों को भखारा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से 8 नग गौवंश एवं छोटा हाथी वाहन जब्त किया गया है। भखारा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग एक छोटा हाथी इंट्रा वी50 वाहन में अवैध रूप से गौवंश का परिवहन कर रहे हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी भखारा के नेतृत्व में टीम द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश दी गई, जहां वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूबी 0446 में कुल 8 नग गौवंश जिनमें 6 गाय, 1 छोटा बछड़ा एवं 1 बड़ा बछड़ा था, को बिना चारा-पानी के क्रूरतापूर्वक भूखे-प्यासे हालत में ठूंस-ठूंसकर परिवहन करते हुए पकड़ा गया। मौके पर वाहन चालक एवं साथियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम ऋषि कुमार मारकण्डेय पिता नरेन्द्र मारकण्डेय उम्र 20 वर्ष, यश कुमार जोशी पिता सुन्दरलाल जोशी उम्र 19 वर्ष, अमन कुमार जोशी पिता गणित राम जोशी उम्र 21 वर्ष सभी निवासी ग्राम थुहा थाना कुरूद, जिला धमतरी बताया। इनके द्वारा वाहन के संबंध में किसी भी प्रकार का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। मौके पर ही वाहन तथा 8 नग गौवंश को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया। जब्त किए गए सभी पशुओं का पशु चिकित्सक अधिकारी भखारा द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराकर गौशाला सिलीडीह में सुरक्षित रखा गया है।

आरोपियों का यह कृत्य छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 04, 06, 10 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 (घ) के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने पर थाना भखारा में अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर 11 जुलाई को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भखारा सउनि नीरज दुबे, प्रआर सीताराम नारंग, त्रिलोकी बघेल, आरक्षक दुष्यंत सिन्हा, संजय ओगरे, हेमराज नेताम का योगदान रहा।

# सशिमं आमदी में गुरु पूर्णिमा मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमदी(धमतरी)



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमदी में गुरु पूर्णिमा मनाई गई। इस अवसर पर किशोर भारती, बालभारती एवं कन्या भारती के छात्र-छात्राओं ने गुरु के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया। छात्र-छात्राओं द्वारा गीत, भाषण नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय समिति के अध्यक्ष तेजराम साहू, सचिव रामचंद्र देवांगन, सहसचिव किशोर कुंभकार, कोषाध्यक्ष राधेश्याम साहू, पार्षद पारसमणि साहू, भूतपूर्व छात्र दुष्यंत साहू, प्राचार्य जनकराम साहू, शिक्षक प्यारेलाल, चंद्रहास साहू, प्रीतम साहू, भूमेश पटेल, केवलराम, रेणुका साहू, तेश्वरी, तारिणी लोमिका, उर्मिला साहू, लक्ष्मी साहू, नर्मदा मटियारा, नंदूराम कुंभकार, प्रेमा साहू, चमेली साहू उपस्थित थे।

# गंदगी, अव्यस्था, कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं

- विधायक ने किया दुग्ध शीत संग्रहण केंद्र मुजगहन का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



विधायक ओंकार साहू ने दुग्ध उत्पादक किसानों की शिकायत को लेकर क्षेत्र में संचालित दुग्ध शीत संग्रहण केंद्र मुजगहन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र की अव्यवस्था और गंदगी को देखकर केंद्र के संचालनकर्ता और अधिकारियों को फटकार लगाई। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि केन्द्र में फैली गंदगी से किसानों द्वारा प्रदान किये गए दूध की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है जिसकी वजह से दूध संग्रहण केंद्र में ही खराब हो जाता है।ध खराब होने के बाद किसानों को दूध वापस कर दिया जाता हैं और किसानों को बोल दिया जाता है कि आपकी दूध की गुणवत्ता में कमी थी। इस वजह से दूध लौटा दिया गया जिसका नुकसान दुग्ध उत्पादन किसानों को हो रहा है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र की साफ-सफाई, मूल्य, दूध की आवक-जावक, दूध संग्रहण एव भंडारण की व्यवस्था देखी। किसानों ने बताया कि उनके दूध की गुणवत्ता के एवज में उन्हें कम दाम दिया जाता है। दूध के बोनस का भी ठिकाना नहीं रहता है इससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। विधायक साहू ने कहा कि केंद्र में गंदगी, अव्यवस्था, कालाबाजारी और किसानों के साथ धोखा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने केंद्र के संचालनकर्ता और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे केंद्र की साफ-सफाई में सुधार करें और अव्यवस्था का समाधान करें।

### सुखराम नागे कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्यशाला

**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में 9 जुलाई को संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रारंभ में प्राचार्य डा मनदीप खालसा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर चर्चा की, तत्पश्चात एनईपी क्रियान्वयन समिति के सदस्य प्रो. मोहित कुमार ने इस शैक्षणिक सत्र में तृतीय सेमेस्टर के लिए लागू विषयों, मूल्यांकन पद्धतियों, क्रेडिट सिस्टम आदि की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए नोडल अधिकारी डारमेश कुमार देवांगन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के समस्त पहलुओं को छात्रों एवं पालकों को अवगत कराया।

# पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण का सबसे बेहतर विकल्प : मोनिका



- केवल पौधे लगाना ही काफी नहीं, उसकी देखभाल भी जरूरी : ऋषभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं युगदृष्टा डॉश्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में भाजपा गंगरेल मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष मोनिका देवांगन के नेतृत्व में धान भंडारण केंद्र ग्राम भोयना एवं प्राथमिक साख सहकारी समिति ग्राम अछोटा के परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्रीमती मोनिका देवांगन ने कहा कि पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण का सबसे बेहतर विकल्प है। आने वाली पीढ़ी के लिए प्रकृति संरक्षण को अपना कर्तव्य समझकर इस बारिश में सबको एक-एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।

मंडल प्रभारी ऋषभ देवांगन ने कहा कि सिर्फ पौधे लगाना काफी नहीं, हमें उसकी निरंतर देखभाल कर अगली पीढ़ी को स्वच्छ व सुरक्षित पर्यावरण सौंपना है। पूर्व मंडल अध्यक्ष हेमंत चंद्राकर, उमेश साहू ने कहा कि सामूहिक प्रयास ही सतत विकास का आधार है। ग्रामीण अंचल की सहभागिता इस वातावरण की पहल को और ऊंचाइयों पर पहुंचाएगी। मौके पर जिला संयोजक झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ भागवत यादव, श्रीमती पद्मिनी साहू, मंडल उपाध्यक्ष मुकेश यादव, बुद्धेश्वर कंवर, मंडल मंत्री रूपाली ध्रुव, महिला मोर्चा अध्यक्ष पवित्रा दीवान ,पिछड़ा वर्ग मोर्चा महामंत्री तरुण देवांगन, मन की बात प्रमुख जागेंद्र साहू, मीडिया प्रभारी अजय समेत अन्य मौजूद रहे।

# पुराना मंडी परिसर में बनेगा आधुनिक एग्रो मॉल

- 40 करोड़ की परियोजना का प्रस्ताव तैयार, अधिकारियों ने किया स्थल निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



शहर के बीचोबीच स्थित पुराना मंडी परिसर अब आधुनिकता की ओर अग्रसर होने जा रहा है। नगर निगम द्वारा यहां एग्रो मॉल निर्माण की योजना को लेकर तेजी से पहल की जा रही है। रविवार को महापौर रामू रोहरा के नेतृत्व में राजधानी रायपुर से आए कृषि विभाग के अधिकारियों एवं निगम के अधिकारियों की उपस्थिति में स्थल का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर निगम आयुक्त प्रिया गोयल, उपायुक्त पीसी सार्वा, पार्षदगण संतोष सोनकर, संजय देवांगन, शैलेंद्र रजक, हेमंत बंजारे, ईश्वर सोनकर मौजूद रहे।

यह महत्वाकांक्षी योजना पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप) मॉडल पर आधारित होगी, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 40 करोड़ रुपये तय की गई है। इस परियोजना का प्रस्ताव शीघ्र ही शासन को स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। महापौर ने कहा कि हमारा लक्ष्य है धमतरी को एक आदर्श कृषि व्यापार केंद्र के रूप में विकसित करना। यह एग्रो मॉल किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों के लिए एक बेमिसाल सुविधा केंद्र बनेगा। किसानों के लिए सीधे विपणन और उचित मूल्य की सुविधा मिलेगी। कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण, भंडारण और पैकेजिंग केंद्र सहित स्थानीय व्यापार को सुविधा मिलेगी। युवाओं के लिए रोजगार और स्टार्ट अप की संभावनाएं होंगी।

#### धमतरी को मिलेगी राज्य स्तरीय कृषि पहचान

महापौर रामू रोहरा की यह पहल न सिर्फ शहर के चौतरफा विकास की दिशा में नया कदम है, बल्कि यह साबित करता है कि धमतरी अब कृषि, व्यापार और नवाचार का सशक्त केंद्र बनने की दिशा में अग्रसर है।

# गुरुजनों से ही हमें सच्चा ज्ञान प्राप्त होता है



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

गुरुकुल विद्यासागर विद्यालय लोहरसी में गुरु पूर्णिमा का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानपाठक भारतलाल साहू ने अनेक उदाहरणों से गुरु की महिमा पर प्रकाश डाला। झामिन साहू ने कहा कि गुरुजनों से ही हमें सच्चा ज्ञान प्राप्त होता है। केशर सिन्हा ने बताया कि महर्षि वेदव्यास जी के जन्मदिवस के अवसर पर गुरु पूर्णिमा का आयोजन किया जाता है। ज्ञानेश्वरी साहू ने बताया कि जन्म देने वाली मां, पिता, धरती माता, विद्यालय के शिक्षक एवं आध्यात्मिक गुरु हमारे जीवन में पांच प्रमुख गुरु होते हैं। खोमेश्वरी साहू , मनीष साहू, टामेश्वरी कंवर, गुणिता साहू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। निशा कुमारी, रितिका कुमारी, भावना कुमारी, गुनगुन, धैर्य कुमार, संजय कुमार, कुमारी लिसा, कुमारी भूमिका, कुमारी लावण्या, कुमारी आराध्या, फलेंद्र कुमार, मोक्ष कुमार ने भाषण एवं कविता पठन में भाग लिया।

विद्यालय के शालानायक हेमंत गजेंद्र ने आभार व्यक्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी भार्गवी शांडिल्य एवं कुमुद साहू ने मंच संचालन किया। निशा कुमारी, रितिका कुमारी, भावना ने सरस्वती वंदना गायन किया। छात्र परिषद के पदाधिकारियों ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को गुलाल एवं पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया।

रक्षाबंधन पर्व पर महाआरती के साथ होगा समापन

# गांव की सुख शांति के लिए श्रावणी रामायण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव



ग्राम कचना में श्रीराम महाकाव्य मानस मंडली कचना द्वारा श्रावणी रामायण का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु पूर्णिमा के दिन गांव के वरिष्ठ नागरिकों ने किया। श्रावण माह भर यह कार्यक्रम प्रतिदिन शाम को राम मन्दिर भवन रावणभाठा चौक भाठापारा में होगा। मंडली के प्रमुख सदस्य पुनऊ चक्रधारी ने बताया कि गुरु पूर्णिमा से रक्षाबंधन पर्व तक प्रतिवर्ष गांव की सुख शांति के लिए यह कार्यक्रम आयोजित होता है जिसमें गांव के सभी लोगों की सहभागिता होती है। प्रतिदिन रामायण का पाठ होने से गांव में हर्ष एवं प्रसन्नता का भाव बना रहता है। माह के अंतिम मंगलवार को हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड का पाठ किया जायेगा। अंतिम दिवस रक्षाबंधन पर्व पर महाआरती एवं विसर्जन का कार्यक्रम आयोजित है।

कार्यक्रम में मंडली के प्रमुख सदस्यों गजेंद्र साहू, पोषण यादव, हेमंत चक्रधारी, भोला साहू, पुरुषोत्तम सेन, विजय साहू, डेमन साहू एवं खोमेन्द्र साहू का सहयोग मिल रहा है।

# नवोदय परीक्षा की तैयारी के लिए अंकुरम कक्षा का शुभारंभ

- डीएमसी, बीईओ, बीआरसी ने किया बच्चों को मोटिवेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले के मार्गदर्शन में नवोदय परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क अंकुरम कक्षा का शुभारंभ हुआ। अतिथि भुवनलाल जैन डीएमसी जिला धमतरी, अमित तिवारी बीईओ धमतरी एवं ललित सिन्हा बीआरसी ने बच्चों को मोटिवेट किया।

ज्ञात हो कि संकुल केंद्र देमार एवं तरसींवा अंतर्गत ग्राम अर्जुनी, तेलिनसत्ती, देमार, परेवाडीह, खपरी, भानपुरी, तरसींवा, पीपरछेड़ी के शासकीय विद्यालय के बच्चों के लिए नवोदय, प्रयास, सैनिक विद्यालय भर्ती परीक्षा की तैयारी हेतु संकुल समन्वयक ज्ञानेश सिन्हा द्वारा अनोखी पहल की गई है।

सरंक्षक देवनाथ साहू प्राचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल देमार एवं लक्ष्मण यदु प्राचार्य ने बताया कि गुरु के ज्ञान का उपयोग करके जब छात्र-छात्राएं ऊंचे पायदान पर पहुंचते हैं तो यही सबसे बड़ी गुरुदक्षिणा होती है। पिछले कुछ वर्षों से ऐसी कक्षा का आयोजन किया जाता रहा है जिसमें बच्चों का सेलेक्शन भी हुआ है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए संकुल के सभी स्कूलों के शिक्षकों ने अपनी सहभागिता से कक्षा संचालन का निर्णय लिया। पुस्तक की व्यवस्था देवनाथ साहू प्राचार्य एवं लक्ष्मण यदु प्राचार्य द्वारा, बच्चों के आवागमन की व्यवस्था प्रधान पाठक तुलसीराम नेताम, शिक्षक खिलेश्वर साहू, तिलक साहू, तेजप्रकाश रिगरी, नरेंद्र मरकाम, श्रीमती रूक्मणि साहू श्रीमती सरोजनंदिनी गजेंद्र,श रीमती पूजा बल्लेवार, श्रीमती डोमेश्वरी बारले, श्रीमती रंजना ठाकुर, तमेश कुमार साहू द्वारा की गई है।

50 बच्चों के भोजन की व्यवस्था संकुल के प्रधानपाठकों श्रीमती ललिता सिन्हा, श्रीमती मीना साहू, सत्यप्रकाश वाणी, जीवनलाल साहू, हुमनलाल ध्रुव, विजयेंद्र सोनी, श्रीमती राधा यदु , प्रेमलाल नेताम, घनश्याम नेताम, श्रीमती गुणमति साहू, तुलसीराम नेताम द्वारा की जा रही है। शिक्षक सनत कुमार, डोमनलाल प्रत्येक शनिवार को 4- 5 घंटे की क्लास लेंगे। समय समय पर विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन भी दिया जाएगा।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)

TEAM CREATIVE
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण (शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
रायपुर रोड, ग्राम - लिमतरा, धमतरी
जिला - धमतरी (छ.ग.)
9300696600, 9300407100

AISECT
RECRUITMENT OF VOCATIONAL TRAINERS
For Implementing Vocational Training under CSS-VSHSE across Govt. Schools in Chhattisgarh
Contractual-Institutional Positions for Sector: "Power"
Application are invited from eligible candidates for the position of Vocational Trainers in the above said sector for the implementation of CSS-VSHSE, in various Government Schools of Chhattisgarh
Remuneration (CTC) – Rs 20,000 per month
Age Limit - 18-37 years (As on 01/01/2025)
Online Application Link https://www.aisect.org/CG-VTrecruitment2025

| SECTOR | LOCATION (Districts) |
| --- | --- |
| Power | Balod, Balodabazar, Balrampur, Bemetara, Bilaspur, Dhamtari, Durg, Gariaband, Janjgir-Champa, Jashpur, Kanker, Kawardha, Korba, Mohala-Manpur-Chowki, Raipur, Sakti |

Last date of receipt of application : 15/07/25 (5:00 PM) IST
QUALIFICATION & EXPERIENCE
Power: Bachelor of Engineering/Technology in Electrical/EEE Engineering from a Recognized Institute/University with atleast one year work/teaching experience or Diploma in Electrical/EEE Engineering with three years of work/teaching experience
Desirable : 1) Certified Master Trainer from SSC in this job role
Minimum Competency: 1) Effective Communication Skills (Oral & Written) 2) Basic Computing Skills
Candidates shortlisted on the basis of details filled online will have to go through written test followed by an interview. Selected candidate will be asked to join within short notice.
सभी अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि व्यावसायिक शिक्षा के तहत वी.टी. पद में चयन हेतु कोई भी अनुचित गतिविधि या छलावे में न फंसे। किसी भी व्यक्ति द्वारा नौकरी दिलाने के लिए पैसे की मांग करने वाले झांसे में न आएं। यह पूरी तरह से अवैध और अस्वीकार्य है। प्रक्रिया पारदर्शिता निष्पक्षता के साथ संचालित होगी। कृपया किसी भी धोखाधड़ी या गलत सूचना से बचे और स्वयं पर विश्वास रखें। यदि आपको ऐसे किसी व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी मिलती है तो तुरंत सूचित करें। आपकी सफलता केवल आपकी कड़ी मेहनत और योग्यता पर निर्भर करती है।
To Apply, Scan The QR Code
7000240756
Call Between 11:00 AM To 05:00 PM

## खबर संक्षेप



### पार्षद ने सफाई कर्मियों को रेनकोट बांटा

**धमतरी।** मकेश्वर वार्ड पार्षद श्रीमती आशा लोधी ने सफाई कर्मियों को रेनकोट का वितरण किया ताकि बरसात में भी वार्ड में निरंतर सफाई का कार्य चलता रहे और सफाई कर्मियों को बारिश में भीगना भी न पड़े।

### विकास के नाम पर झूठ की राजनीति कर रही भाजपा : अंबर



**धमतरी।** प्रदेश में भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार बनने के बाद धमतरी में लगातार अनेक विकास कार्यों की स्वीकृति की बात कही जा रही है। विगत दिनों निर्माणाधीन ऑडिटोरियम के लिए पुनः 6.90 करोड़ रुपये स्वीकृति होने की बात को लेकर महापौर एवं भाजपा पार्षदों द्वारा आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया। महापौर ने कांग्रेस पार्टी पर कटाक्ष करते हुए ऑटोडोरियम निर्माण कार्य पर रोक लगाने की बात कही जिस पर ब्लॉक कांग्रेस शहर के महामंत्री अंबर चंद्राकर ने इसे केवल झूठ की राजनीति बताया। आगे कहा कि यह भाजपा की रीति-नीति रही है कि यदि सामने वाला का इतिहास आपसे मजबूत हैं और आप उससे बराबरी न कर पाए तो उसे झूठ के सहारे बदनाम कर दो। देश के प्रधानमंत्री अपनी नाकामी छुपाने कभी नेहरू, कभी इंदिरा तो कभी राजीव पर आरोप लगाते है। यही काम महापौर द्वारा किया जा रहा है।

### प्राइवेट स्कूल संचालकों ने गुरू के नाम पीपल अभियान का किया शुभारंभ

# गुरु के नाम लगेंगे 11 लाख पीपल के पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



पर्यावरण को ग्लोबल वार्मिंग से बचाने के लिए प्राइवेट स्कूल संचालकों ने पीपल का पेड़ लगाने का बीड़ा उठाया है। इसके तहत गुरु पूर्णिमा पर जिले के निजी स्कूलों में एक पेड़ गुरू के नाम की शुरूआत की गई है। यह अभियान शिक्षक दिवस तक चलेगा। इस अभियान के तहत 1111111 पीपल पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। पहले साल 5 लाख से ज्यादा पीपल के पेड़ रोपे जाएंगे।

छत्तीसगढ़ अशासकीय विद्यालय प्रबंधक कल्याण संघ के तत्वावधान में पीपल का पेड़ – गुरु के नाम अभियान की शुरूआत की गई है। वैसे तो इस अभियान की शुरूआत 12 जून को रायपुर में हुई थी, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाग लेकर इसे एक जन आंदोलन का रूप दिया। जिले में इस अभियान की औपचारिक शुरूआत 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर की गई। संघ के प्रदेष सुबोध राठी ने बताया कि यह अभियान 5 सितंबर शिक्षक दिवस तक चलेगा, जिसमें 2000 विद्यालयों से जुड़े 5 लाख से अधिक विद्यार्थी 11,11,111 पीपल के पौधे लगाएंगे। पहले वर्ष 5,00,000 पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। इन पौधों के देखभाल की जिम्मेदारी हर छात्र की होगी। रोपे गए पौधों की स्थिति की मॉनिटरिंग ऑनलाइन भी की जाएगी। इसके लिए एक पोर्टल भी बानाया गया है। इस पोर्टल पर हर विद्यार्थी का पंजीकरण होगा। पौध की फोटो अपलोड तथा त्रैमासिक निगरानी की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक विद्यालय के कक्षा शिक्षक इस प्रक्रिया को मॉनिटर करेंगे। धमतरी जिले में इस अभियान की शुरूआत सर्वोदय इंग्लिश स्कूल परिसर से की गई।

इस दौरान संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष विनोद, जिलाध्यक्ष तरूण पांडे, जिला कोषाध्यक्ष बसंत गजेंद्र, उपाध्यक्ष भूपेश चौधरी, मीडिया प्रभारी मुकेश नन्नावरे, कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र यादव, प्रमुख सलाहकार तिहारू सिन्हा, श्रीमती प्रतीक्षा बाबर, श्रीमती रेखा शर्मा आदि उपस्थित थे।

## श्री गोपाला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने नर्सों को दी ट्रेनिंग

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



श्री गोपाला चाइल्ड एंड डेंटल केयर हॉस्पिटल रत्नाबांधा, दुर्ग रोड धमतरी में तीन दिवसीय नर्सेस ट्रेनिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका समापन शनिवार को हुआ। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण सत्र में विभिन्न अस्पतालों के 20 नर्सों ने भाग लिया। ट्रेनिंग डॉ. सीएल साहू बाल्य रोग विशेषज्ञ, डॉ. आशीष अग्रवाल बाल्य रोग विशेषज्ञ, और डॉ. प्रदीप साहू पीडियाट्रिक सर्जन। इस अवसर पर एचआर मैनेजर गजेन्द्र जोशी, मैनेजर डीके देवांगन सहित अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

डॉक्टरों की टीम ने नर्सों को अस्पताल में भर्ती मरीजों की देखभाल करने संबंधी जानकारी को विस्तार से बताया। ट्रेनिंग प्रतिदिन 2 से 6 बजे तक हुई। डॉक्टरों की टीम ने ट्रेनिंग में नर्सों को नियोनेटल जौंडिश, हाइपोथिसीमिया, हाइपोग्लोशिमिया फ्लुड इलेक्ट्रोलाइट एमटी, शॉक सीजर डिस आर्डर, रिसुलटीटेशन, बर्थ एशफिक्सिमा, केयर आफ न्यूबर्न, सेप्टीसिमिया इट्रोएस एलोएस, सुपर फैसियल बैक्ट, इंफेक्शन, डेंजर सिंग वेन टू रिटर्न, एलबीडब्ल्यू फिंडिग डिस आर्डर, कॉमन न्युनेटल प्राब्लम, बीटीओ टू थेरेपी, फालोअप, कांगनीटेल, एनामोली, इन न्यूबोर्न जैसे टापिक पर जानकारी दी।

प्रशिक्षु के रूप में डिम्पल मरकाम, ज्योति चौधरी, नीलम साहू, उन्नति यादव, अंकिता यादव, काजल गेडाम, पुष्पा साहू, दीप्ति साहू, रीना साहू, रेशमा साहू, प्रमोद साहू, प्रीति सोरी, अंजली सेन, जागृति साहू, पूजा ठाकुर, हेमलता यारदा, मीरा नेताम, हितेश नेताम उपस्थित थे। श्री गोपाला हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. सीएल साहू, डॉ. अभिषेक गोयल ने बताया कि नर्सों को विशेष ट्रेनिंग देने का उद्देश्य मरीजों की अच्छी देखभाल, अच्छा इलाज है कि ताकि मरीज बिना किसी कठिनाई के जल्द स्वस्थ हो सके। साथ ही भर्ती मरीज का ट्रीटमेंट अच्छे तरीके से करना है।

## सीखने की कोई उम्र नहीं होती : नंदकुमार



हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

■ भेंडरा में हर्षोल्लास से मनाई गई गुरु पूर्णिमा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेंडरा में गुरु पूर्णिमा मनाई गई। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक नंदकुमार साहू ने गुरु के महत्व को बताते हुए कहा कि हर वह इंसान जो हमें जीवन में कुछ न कुछ सीख देता हो, वे सब गुरु के समान है। फिर चाहे वो मां हो बाप हो या शिक्षक हो। सीखने की कोई उम्र नहीं होती। प्राचार्य टीआर साहू ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि गुरु का स्थान सबसे ऊंचा है।

हर एक सफल इंसान के पीछे कहीं ना कहीं एक गुरु का हाथ जरूर होता है। श्रीमती दशोदा साहू व्याख्याता ने गुरु की महत्ता पर गीत गाया। विद्यालय के बच्चे भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों का योगदान रहा। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक एमएल साहू, महोबिया मैडम, जे साहू, टीआर देवांगन तथा इशरत जबीन ने भी गुरुओं के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता पारसमणि साहू ने किया।

## निगम कर्मचारी व पार्षद विवाद का हुआ पटाक्षेप



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ कर्मचारी ने अपनी शिकायत वापस ली

नगर निगम के सुपरवाइजर रामनारायण ने पार्षद कोमल सार्वा पर गाली-गलौज व दुर्व्यवहार करने की शिकायत को वापस लेते हुए माफी मांग ली है। इसके बाद पूरे विवाद का निराकरण हो गया। बीते दिनों शुक्रवार को कर्मचारी रामनारायण ने संघ अध्यक्ष के पास शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि कार्यालय परिसर में प्रातः 10 बजे ब्राम्हणपारा वार्ड पार्षद कोमल सार्वा ने मेरे साथ सार्वजनिक रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग कर गाली-गलौज व दुर्व्यहार किया। मामले की शिकायत के बाद कर्मचारी संघ ने दोपहर में निगम आयुक्त प्रिया गोयल से मुलाकात कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद संगठन अध्यक्ष मंगलू निर्मलकर एवं कर्मचारी रामनारायण ने अन्य साथियों के साथ मिलकर निगम परिसर में नारेबाजी की। इसके बाद यह भी कहा गया कि इस मामले को लेकर ब्राम्हणपारा वार्ड में कोई कामकाज नहीं करेंगे। इधर पार्षद कोमल सार्वा ने कहा था कि वार्ड की समस्या को लेकर कहा गया था। कर्मचारी द्वारा मुझ पर लगाया गया आरोप निराधार है। दो माह से छोटे छोटे कार्य के लिए कहा जा रहा था। काम नहीं होने पर मैंने उस कर्मचारी से जरूर कहा कि तुम लोग अधिकारी और नेताओं की बात मानते हो, पार्षद की बात नहीं सुनते। इसके बाद निगम दफ्तर में बैठकर दोनों का मामला सुलझा लिया गया। पार्षद ने कहा है कि इस मामले में कर्मचारी ने माफी मांग ली है। अब इसका पटाक्षेप हो गया है।

कर्मचारी रामनारायण ने कहा कि आवेश में आकर मैंने पार्षद के खिलाफ शिकायत की थी। कर्मचारी संगठन मंगलूराम निर्मलकर ने कहा कि घटना के दौरान मैं नहीं था। जो जानकारी रामनारायण ने दी, उसके आधार पर मैंने आयुक्त तक अपनी बात रखी थी। अब इस मामले का पटाक्षेप हो गया है। रामनारायण ने अपनी शिकायत को वापस ले लिया है।

## गुरु पूर्णिमा पर हुआ सवा लाख गायत्री मंत्र का अखण्ड जाप




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



गायत्री शक्तिपीठ रिसाईपारा धमतरी में गुरु पूर्णिमा मनाई गई। 9 जुलाई को मंदिर प्रांगण में सवा लाख गायत्री मंत्र का अखण्ड जाप एवं 10 जुलाई को तीन कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, दीक्षा संस्कार, विद्यारम्भ संस्कार एवं विभिन्न संस्कारों के साथ गायत्री यज्ञ एवं पूर्णाहुति की गई। गुरु पूर्णिमा पर्व पर अनेक स्वजनों परिजनों नें भाग लेकर गुरु के प्रति अपनी अनवरत निष्ठा का समर्पण किया। माताजी की जन्मशताब्दी 2026 परमपूज्य गुरुदेव की तपसाधना की शताब्दी एवं अखंड ज्योति रूपी त्रिवेणी संगम को सफल बनाने का संकल्प लिया। यह जानकारी गायत्री शक्तिपीठ धमतरी की अध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी किरण ने दी।

## पवई रानी वाटरफॉल की प्राकृतिक छटा देखने पहुंच रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगरी सिहावा मार्ग क्षेत्र में ग्राम पहंदा के पास स्थित पवई रानी वॉटरफॉल अपनी प्राकृतिक छटा बिखेर रहा है। बारिश में झरना पूरे शबाब पर है। ऊपर से नीचे गिरते पानी की कलकल ध्वनि बरबस ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। इसे देखने दूर-दूर से पर्यटक यहां पहुच रहे हैं। वॉटरफॉल घने जंगलों के बीच है। ग्रामीण बताते हैं कि बरसात के दिनों में यह झरना काफी आकर्षक एवं देखने लायक होती है जो पयर्टकों को यहां आने मजबूर कर देती है। शासन प्रशासन चाहे तो भविष्य में अच्छा पिकनिक स्पॉट बन सकता है। ग्रामीणों का मानना है कि मातारानी सुंदर झरने के अंदर विराजमान रहती हैं। यह स्थल धार्मिक आस्था का भी प्रतीक है। चैत्र मास में नवरात्रि समाप्त होते ही यहां जात्रा के रुप में आसपास के ग्रामीणों द्वारा पूजा- अर्चना की जाती है। मन्नतें मांगते हैं। यहां धमतरी से-भोयना-लीलर- सलोनी होते हुए पहुंचा जा सकता है। कुरूद से दोनर होते हुए पहंदा आ सकते हैं। मेघा से मोहंदी राजपुर-पहंदा का रास्ता भी सुलभ है।

### जनप्रतिनिधियों ने किया शिक्षकों का सम्मान

**नगरी।** आश्रम माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला दुगली में शिक्षकों एवं छात्राओं ने गुरू पूर्णिमा पर्व मनाया। मौके पर राजाराम मंडावी, सदाराम यादव, भूषणलाल मरकाम ने शिक्षकों को श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।

## किसानों की समृद्धि से ही देश समृद्ध होगा : गौकरण

■ मौरीकला में कृषकों को अरहर बीज का मिनीकिट बांटा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



ग्राम मौरीकला में कृषकों को अरहर बीज के मिनीकिट का वितरण किया गया। राष्ट्रीय खाद्यान्न सुरक्षा दलहन योजना अंतर्गत लखपति दीदी के समूह कुमकुम स्व सहायता समूह ,जय मां दुर्गा स्वसहायता समूह, जय मातारानी स्व सहायता समूह, जय प्रगति स्व सहायता समूह, आदि शक्ति स्वसहायता समूह, जय मां संतोषी स्व सहायता समूह, जय मां बम्लेश्वरी स्वसहायता समूह तथा सुशासन त्यौहार में प्राप्त आवेदन में से पात्र कृषकों मिलन साहू, रामू साहू, ईश्वर साहू, जितेंद्र, बिसहत, घनश्याम, सुरेंद्र को अरहर बीज का मिनीकिट प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी थे। कृषि विस्तार अधिकारी मोहनीश घिवरिया ने शासन की अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी। इसमें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल योजना अंतर्गत ऑयल पाम के पौधा रोपण, धान की फसल की जगह औषधि पौधों का रोपण, बांस के पौधों का रोपण व नारियल के पौधों का रोपण व उनसे होने वाली आय की जानकारी प्रदान की। मुख्य अतिथि गौकरण साहू ने कहा कि विष्णुदेव साय की योजनाएं लखपति दीदियों को लाभ पहुंचाने के लिए बैंक से लोन लेकर सेंटरिंग प्लेट का व्यवसाय व फ्लाई एस ब्रिक्स ईंट बनाने की फैक्ट्री लगा सकते हैं जिनके लिए बहुत कम ब्याज दर में बैंक द्वारा लखपति दीदी को ऋण दिया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है। ग्रामीण अंचल में बहुतायत संख्या में किसान निवास करते हैं। किसान यदि समृद्ध होंगे तो देश समृद्ध होगा। थानेश्वर तारक महामंत्री भाजपा सिर्री मंडल ने कहा कि शासन की सभी योजनाएं प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे। चाहे वह किसान सम्मान निधि, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना। इसी क्रम में भी अरहर बीज का सीधा लाभ पहुंचाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए मिनीकिट का वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर वीणा साहू सरपंच, तुलेंद्र साहू उपसरपंच, घनश्याम साहू अध्यक्ष सहकारी समिति मौरीकला, रोहित साहू सरपंच प्रतिनिधि, यादराम साहू, मिलन साहू, रामू साहू, ईश्वर, जितेंद्र , खेमू व महिला समूह की दीदी उपस्थित थी।

## पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में कब-बुलबुल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय धमतरी में संकुल स्तरीय तीन दिवसीय चतुर्थ चरण और हीरक पंख प्रशिक्षण सह परीक्षण शिविर का उद्घाटन प्राचार्य गिरीश बाबू कुस्तवार के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

शिविर में केवि महासमुंद, केवि नया रायपुर, केवि क्रमांक-1 रायपुर के दोनों पाली, केवि क्रमांक 2 रायपुर, केवि कुरूद, केवि धमतरी और केवि कांकेर के कब्स एवं बुल्बुल्स सम्मिलित हो रहे हैं। उद्घाटन समारोह में अतिथियों का स्वागत पौधे भेंटकर किया गया। शिविर नायक सुरेश कुमार देवांगन ने विभिन्न विद्यालयों से आए कब्स-बुलबुल्स एवं अनुरक्षक शिक्षकों का स्वागत करते हुए शिविर की रूपरेखा पर प्रकाश डाला।

शिविर नायिका वारुणी दिल्लीवार ने बताया कि इस शिविर में 40 बुल्बुल्स लड़कियां और 61 कब्स लड़के प्रतिभाग कर रहे हैं। प्राचार्य ने कहा कि यह गतिविधि हमारे अन्दर मानवीय मूल्यों का विकास करता है। उन्होंने सभी को स्काउट-गाइड के नियमों को अपने जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा भी दी। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में अंजलि परिहार, मीनाक्षी साहू, मुकेश देवांगन, रीमन देवांगन, भुनेश्वर चंद्राकर, हरेन्द्र साहू आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डीआर साहू ने किया।

## जोरातराई की सरपंच ने छात्रों को बांटी शैक्षणिक सामग्री



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सरकारी स्कूल की शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम जोरातराई (सिलौटी) की श्रीमती प्रीति प्रकाश साहू पति जयप्रकश साहू द्वारा कक्षा पहली में भर्ती होने वाले सभी विद्यार्थियों को मोजा जूता, पहाड़ा एवं स्कूल बैग, कक्षा दूसरी के विद्यर्थियों को पेन्सिल, कक्षा दूसरी से आठवीं तक पिछले सत्र में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पेन एवं कापी वितरित किया। यह सिलसिला वर्ष 2017 से आज तक लगातार जारी है। साहू परिवार द्वारा स्कूल प्रांगण में झूला भी लगाया गया। पर्यावरण सुधार के उद्देश्य से वर्ष 2018 में शाला के सामने बिटिया के जन्मदिवस पर लगाये गये पौधे आज फलदार, फूलदार वृक्ष बनकर शाला प्रांगण की शोभा बढ़ा रहे हैं। श्रीमती प्रीति प्रकाश साहू वर्तमान में ग्राम पंचायत जोरातराई की सरपंच हैं।

### शिक्षकों ने छात्रों को बताई गुरु की महिमा

**नगरी।** पीएमश्री प्राथमिक शाला नवागांव में गुरु पूर्णिमा मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। शिक्षकों ने गुरु की महिमा बताई। बताया कि प्रथम गुरु मां जिसने हमें जन्म दिया है। दूसरा गुरु धरती मां जिस पर पढ़े बढ़े। तीसरा गुरु पिता जिसकी उंगली थामी। चौथा गुरु शिक्षक है जिससे ज्ञान मिला है। पंचम आध्यात्मिक गुरू है। शिक्षकों ने बच्चों को अनुशासन पर रहने एवं अच्छे संस्कार ग्रहण कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानपाठक श्रीमती कंचन साहू, शिक्षक एसबी मिर्जा, कृष्णकुमार साहू, योग शिक्षक कमलेश साहू, शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष तुलसीराम साहू उपस्थित थे।

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2025
काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान
28 एवं 29 जुलाई 2025
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हटकेशर में काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान त्र्यबंकेश्वर ज्योर्तिलिंग के विद्वान पंडितों के सान्निध्य में किया जाएगा।
पंजीयन 2101/- रूपए
पं. शिवाप्रसाद चतुर्वेदी 97633-98719
9993157703, 9589261876

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
16 अगस्त, 6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हाथ पैर में दर्द होना, जोड़ो में दर्द व सूजन, गठिया वात, साइटिका, झिनझिनी वात, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, अकड़न, नसरोग व लकवा रोग में
तुरंत आराम के लिए

| दवा का नाम | कीमत |
| --- | --- |
| 1. टेब. रुमारेक्स जी.एस.आर. | 30 टेब. का 700/- रु. |
| 2. टेब. कैल्सिओस्ट | 30 टेब. का 150/- रु. |
| 3. ऑइल स्नायुकल्प | 100 मिली का 250/- रु. |
| 4. चूर्ण नेचुरली | 100 ग्राम का 150/- रु. |
| | टोटल - 1220/- रु. |
| 5. अन्य : आर-फीट गोल्ड माल्ट | कीमत - 550/-रु. |

– दवाई मिलने का स्थान –
तुलसी आयुर्वेदिक दवा की दुकान
बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 10 से 5 बजे तक) मो. 9993010732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज